हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 17 फरवरी 2026


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


12 सरस्वती शिशु मंदिर में पंच परिवर्तन एवं सप्तशक्ति संगम पर...





11 महाशिवरात्रि पर कुसुमकसा मंडल में पांच हजार...






## खबर संक्षेप

### अब प्रत्येक सोमवार को होगा कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आम जनता के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मंगलवार को साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक के पश्चात आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम के तिथि को संशोधित कर मंगलवार 17 फरवरी के पश्चात आगामी सप्ताह से प्रत्येक सोमवार को आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार 17 फरवरी को संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित होने वाला कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम पूर्ववत जारी रहेगा। इसके पश्चात 23 फरवरी से प्रत्येक सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### पीएमश्री शाला में सांस्कृतिक गतिविधि एवं प्रदर्शनी आज

**अंडा।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा द्वारा आज विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक गतिविधि एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे से होगा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से जानकारी दी गई है कि इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, नाटक, गायन, चित्रकला सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। साथ ही बच्चों द्वारा तैयार की गई शैक्षणिक सामग्री एवं रचनात्मक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिससे अभिभावकों और ग्रामीणों को बच्चों की प्रतिभा देखने का अवसर मिलेगा। विद्यालय परिवार ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

### टीकाराम बने जिला भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के संयोजक



**गुण्डरदेही।** भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष व नगर पंचायत गुण्डरदेही के पूर्व पार्षद टीका राम निषाद को जिला भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओ व समाज में हर्ष व्याप्त है। सोमवार को हुई घोषणा के बाद टीकाराम निषाद को बधाई देने का तांता लगा रहा। बतादे कि टीकाराम निषाद पुर्व मे पाटएँ के कई पद पर रहकर अपनी निर्वहन कर चुके है वे अभी वर्तमान मे गुण्डरदेही किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष है और पुर्व मे पार्षद भी रह चुके है। इनकी नियुक्ति पर जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख सहित जिला व मंडल के कार्यकर्ताओ ने बधाई दी है। टीकाराम निषाद ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश, जिला व मंडल का आभार माना है।

## शिविर : वनांचल क्षेत्र को मिली सौगात, अधिकारी बस से पहुंचे शिविर स्थल

# पटेली जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में 386 आवेदनों में से अधिकांश का मौके पर निराकरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन द्वारा जिले के डौण्डी विकासखण्ड के वनांचल के ग्राम पटेली में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर पटेली सहित ठेमाबुजुर्ग, ओरगांव, घोटिया, पचेड़ा, भरएँटोला 36 एवं ढोरएँठेमा सहित अंचल के अनेक गांवों के निवासियों के लिए सौगातों भरा रहा। शिविर में विभिन्न विभागों से प्राप्त कुल 386 आवेदनों में बहुसख्यक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया।

शिविर में खास बात यह रही कि कलेक्टर के साथ सभी जिला स्तरीय अधिकारी एक साथ बस से जनसमस्या निवारण शिविर में पहुँचे। शिविर में जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, राज्य एथेलेटिक्स संघ उपाध्यक्ष सौरभ लुनिया, जनपद पंचायत डौण्डी अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, जिला पंचायत सदस्य मिथलेश निरोटी, जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी, शिव प्रसाद बारला, पुनीत सेन, रत्ना हिरवारी, आशा आर्य एवं साधना सोरी के अलावा ग्राम पंचायत पटेली सरपंच बाबूलाल सिहारे एवं अन्य जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कलेक्टर मिश्रा ने शिविर में जीवन में स्वच्छता के महत्व की जानकारी देते हुए स्वयं स्वच्छ रहने तथा स्वच्छता के प्रति सजग रहने और इसके लिए समय देकर स्वच्छता के कार्य में अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों को बाल विवाह के गंभीर दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बाल विवाह के रोकथाम के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने शपथ दिलाई।



इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा एवं अतिथियों ने गर्भवती महिलाओं को सुपोषण किट भेंट कर उनका गोदभराई रस्म की, बच्चों को खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन कराया गया। इस दौरान शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों तथा आला अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ फाइलेरिया मुक्ति अभियान के अंतर्गत सामूहिक रूप से फाइलेरिया का दवाई का सेवन किया। दिव्या उमेश मिश्रा ने ग्राम पटेली में इस वर्ष के पहले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में भी जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के मंशानुरूप संपूर्ण प्रशासनिक अमले को आम जनता के बीच पहुँचकर उनके मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने आम जनता के कल्याण हेतु राज्य व केन्द्र सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने आम जनता को आयुष्मान योजना अंतर्गत स्मार्ट कार्ड बनाकर स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का लाभ लेने तथा ग्रामीणों एवं श्रमिकों को श्रम विभाग के योजनाओं का लाभ लेने हेतु अनिवार्य रूप से श्रम कार्ड बनाने को कहा।

उन्होंने ग्रामीणों को फाइलेरिया बीमारी के गंभीर दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए अनिवार्य रूप से फाइलेरिया की दवा का सेवन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिना जनभागीदारी के किसी भी कार्य को पूरा कर पाना असंभव है। मिश्रा ने आने वाले वर्षों में भयावह जल संकट के खतरे को देखते हुए भूजल की विदोहन की रोकथाम तथा जल संरक्षण के कार्य में अनिवार्य रूप से आम जनता से भागीदारी सुनिश्चित करने की भी अपील की। उन्होंने सड़क दुर्घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए दोपहिया वाहन चलाते वक्त अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करने तथा इसके लिए अन्य लोगों को प्रेरित करने को कहा।

चेमन देशमुख ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जिले के चंहुमूखी विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कलेक्टर मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा सघन वृक्षारोपण के अलावा जल संचयन, जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत पूरे देश में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए बालोद जिले को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के करकमलों से सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हुआ है।





# धनोरा बटालियन के जवान की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छुट्टी खत्म करके वापिस अपने ड्यूटी पर जा रहे धनोरा बटालियन के जवान की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। 49 वर्षीय तखतराम ठाकुर ग्राम बडगांव थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव का निवासी था जो ग्राम धनोरा स्थित 14 वीं बटालियन में वायरलेस ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था।

छुट्टी खत्म होने के बाद 15 फरवरी को धनोरा जा रहा था कि नगर के मुख्य मार्ग पर लगने वाले शिवरात्रि के मेला को देखने ठहर गया। अपने बाइक को खड़ी करके मेला घूमने लगा। रात्रि लगभग नौ बजे मार्ग के किनारे से पैदल चल रहा था कि बालोद की ओर से आ रहे एक कार ने उसे अपनी चपेट मे ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार ने उसे लगभग दो सौ मीटर तक घसीटा जिससे उसके सर पर अंदरूनी चोट लगी व उसकी मौत हो गई। टी आई मुकेश सिंह ने बताया कि प्रार्थी रूपेश ठाकुर की रिपोर्ट पर कार क्र सी जी 08 ए एफ 3937 के चालक के खिलाफ धारा 281 106 (1) बी एन एस 184 मोटर व्हीकल के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया है।

# दिनदहाड़े ग्रामीण से चाकू की नोक पर की लूट-पाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

कुसुमकसा में बढ़ती नशाखोरी के बीच दिनदहाड़े मारपीट और लूटपाट की घटना सामने आई है। घटना के बाद क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह लगभग 10 बजे ग्राम भर्रीटोला-43 निवासी एम. कोठारी अपने समधी के साथ मोटरसाइकिल से ग्राम गुण्डराटोला की ओर जा रहे थे। वे कुसुमकसा-पल्लेकसा मार्ग पर रेलवे फाटक से करीब 200 मीटर दूर पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल सवार युवकों ने उनकी गाड़ी के सामने अपनी बाइक खड़ी कर दी। बताया गया कि मोटरसाइकिल चालक सहित दो युवकों ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

आरोप है कि युवकों ने चाकू दिखाकर धमकाया और जेब में रखा पर्स छीनकर मौके से फरार हो गए। अचानक हुई इस घटना से पीड़ित ग्रामीण भयभीत हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में नशाखोरी की बढ़ती घटनाओं के कारण असामाजिक तत्व सक्रिय हो गए हैं।

# ब्लाक में केबल चोर सक्रिय किसानों को भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखण्ड में केबल चोर सक्रिय हो गए है जो केबल से तांबा निकालकर बेच रहे है, जिससे किसानो को क्षति पहुंच रही है।

■ ग्राम धनोरा में एक सप्ताह में सात खेतों से वायर चोरी

ताजा मामला ग्राम धनोरा का है। जहां बीते एक सप्ताह में सात अलग अलग खेतो में स्थित मोटर पंप से वायर चोरी हो गया। जिससे किसानों को कृषि कार्य में दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। मामले में पीड़ित किसानो द्वारा थाने में शिकायत दर्ज नही किया जाना एक बड़ा विचारणीय विशय बन गया है। केबल तारो की लगातार चोरी होने के बाद भी किसानों द्वारा थाने में शिकायत नही किए जाने के संबंध में किसानों का कहना है कि थाने में शिकायत करने से कुछ नही होता उल्टे परेशानी होती है। ग्राम धनोरा में किसानों द्वारा अपने खेती किसानी में पानी की समस्याओ को दूर करने के लिए लगाए गए मोटर पंपो में इन दिनो चोरो ने धावा बोल दिया है तथा ग्राम के अलग अलग सात किसानों के मोटर पंपो के वायर को रात के अंधेरे में चोरी कर किसानो को नुकसान पहुंचाने का काम चोरो द्वारा किया जा रहा है।

ग्रामीणो से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम में भगतराम, तुलाराम एवं परमानंदन साहू सहित कुल सात किसानो के खेतो से केबल की चोरी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोर केबल से तांबा तार निकालकर गुरूर तहसील के ही दुकानो में ही चोरी के तांबो की बिक्री कर रहे है। गौरतलब है कि विकासखण्ड के अन्य ग्रामो में भी बड़े पैमाने पर केबल तार की चोरी होने की जानकारी प्राप्त हो रही है।

### पार्थिव शिवलिंग पूजन व हवन के साथ संपन्न हुए अनुष्ठान

# काल भैरव देउर मंदिर में तीन दिनी महाशिवरात्रि पर्व का समापन हुआ







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर में स्थित 1400 सौ पुराने ऐतिहासिक काल भैरव देउर मंदिर में सोमवार को पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं हवन के साथ तीन दिनो तक चलने वाला महाशिवरात्रि पर्व का समापन हो गया।

जिसमें नगर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलो से श्रद्वालु पहुंचे। मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर अनुष्ठान शनिवार से प्रारंभ हुआ था, रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर सुबह से ही श्रद्वालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी थी। परिसर में स्थित काल भैरव, महाकाल, पशुपति नाथ, रामेश्वरम् मंदिर परिसर में श्रद्वालुओ ने दिनभर पूजन अनुष्ठान किया। रात्रि में 11:56 मिनट पर निशाकाल पूजन प्रारंभ हुआ जो प्रातः 4 बजे तक चलता रहा। इस दौरान रात्रि में महादेव जी का अभिषेक किया गया। मध्य रात्रि को विशिष्ट अनुष्ठान के दौरान पंचाक्षरी मंत्र का पाठ, महामृत्युंजय मंत्र का जाप एवं शिव अमोघ कवच का पाठ किया गया। सोमवार सुबह से ही पार्थिव शिवलिंग निर्माण करने शिवभक्त मंदिर परिसर पहुंचे महाशिवरात्रि पर्व के तृतीय संपन्न हुए पार्थिव शिवलिंग निर्माण के लिए श्रद्वालुओ में उत्साह देखा गा। श्रद्वालुओ की संख्या अधिक होने के कारण व्यवस्थापक को पंडाल लगाकर पूजन के लिए व्यवस्था करनी पड़ी।

पार्थिव शिवलिंग पूजन पश्चात हवन पूर्णाहूति की गई एवं पार्थिव शिवलिंग का विसर्जन किया गया समस्त अनुष्ठान आचार्य पंडित सुरेश पांडेय के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में पंडित निखिल पांडे द्वारा संपन्न करया गया।

### मोटर साइकिल की टक्कर से युवक की मौके पर ही मौत

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र से एक दुखद खबर सामने आई है, जहां एक सड़क दुर्घटना में 23 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार, मंगचुवा थाना क्षेत्र के ग्राम मुंढोर्री निवासी नागेश यादव पिता मोहन लाल यादव उम्र 23 वर्ष, अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 24 ई 5207 से अपने ही गांव मुंढोर्री के छोटे पारा से बड़े पारा में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान रविवार की शाम अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नागेश यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मंगचुवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मंगचुवा थाना के प्रधान आरक्षक विकास सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा मार्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी गई है तथा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। इस हृदय विदारक घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाह वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## रजत वर्ष ध्वजा महोत्सव के उपलक्ष्य में हुआ भव्य स्वागत

# जैन साध्वी वृंद का नगर में मंगल प्रवेश, श्रद्धा और उल्लास का माहौल व्याप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर में रविवार को जैन साध्वी प्रवर्तिनी निपुणाश्रीजी मसा की सुशिष्या महासती मंजुला श्रीजी मसा, महासती स्नेहयशा श्रीजी मसा आदि ठाणा आठ का श्रद्धा और उल्लास के साथ मंगल प्रवेश हुआ। संघ समाज के लोगों ने नगर की सीमा से साध्वी वृंद की भव्य अगवानी की।

भजन-कीर्तन, जयघोष और मंगल गीतों के बीच पदविहार करते हुए साध्वीगण को जिनकुशल जैन उपाश्रय प्रांगण तक लाया गया। नगर की महिलाओं एवं युवतियों ने कलश, धार्मिक प्रतिकृतियों और मंगल प्रतीकों के साथ साध्वी वृंद का स्वागत किया। साध्वीगण सर्वप्रथम श्रीशांतिनाथ जिनालय पहुंचीं, जहां विराजित जिनप्रतिमा के दर्शन-वंदन कर परमात्मा की स्तुति की। मुख्य मार्ग स्थित संगीता उत्तम सांखला परिवार, विवेकानंद चौक के समीप संघवी पारख परिवार तथा जैन मंदिर के समक्ष संघवी बाफना परिवार ने चौकी-पाटा में चावल व श्रीफल अर्पित कर विधिवत बधाई दी। महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए नगर प्रवेश को उत्सवमय बना दिया।





संघ के शीतल पारख व आशीष बाफना ने बताया कि साध्वी वृंद का आगमन नगर के शांतिनाथ जिनालय के रजत वर्ष ध्वजा महोत्सव के उपलक्ष्य में हुआ है। महाराष्ट्र व राजस्थान से लगभग दो हजार किलोमीटर पदविहार करते हुए साध्वीगण नगर पहुंची हैं। पच्चीस वर्ष पूर्व मंदिर प्रतिष्ठा के बाद से प्रतिवर्ष ध्वजा महोत्सव मनाया जाता है, जो इस वर्ष रजत महोत्सव के रूप में 20 से 22 फरवरी तक आयोजित होगा। धार्मिक सभा में बालिका मंडल द्वारा स्वागत गीत एवं धार्मिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। महासती मंजुला श्रीजी मसा ने अपने प्रवचन में कहा कि जिनालय मोक्ष मार्ग की प्रेरणा देता है और जिनवाणी शीतल निर्मल जल के समान आत्मा को शांति प्रदान करती है। प्रभु की वाणी मोह और कषाय को दूर कर जीवन को सार्थक बनाती है। उन्होंने नगर के श्रद्धालुओं के उत्साह की सराहना की। महासती स्नेहयशा श्रीजी मसा ने कहा कि डौंडीलोहारा संघ से उनका आत्मीय संबंध रहा है। उन्होंने स्वर्गीय राजू पारख को स्मरण करते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया और कहा कि उनका व्यक्तित्व पूरे संघ का गौरव था।

बालोद से आए डॉ. प्रदीप जैन ने नगर के धार्मिक आयोजन की प्रशंसा करते हुए इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण बताया, वहीं भानुप्रतापपुर से आए कपूरचंद बागरेचा एवं जैन संघ ने चातुर्मास हेतु विनती रखी। संघ के मिश्रीलाल लोढ़ा व दिनेश लोढ़ा ने बताया कि रजत वर्ष ध्वजा महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और नगर में विशेष उत्साह का वातावरण है। 15 फरवरी से प्रतिदिन प्रातः साढ़े आठ बजे साध्वी वृंद के सानिध्य में प्रवचन एवं अन्य धार्मिक गतिविधियां संपन्न हो रही है। नगर में रजत ध्वजा महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में गहरा उत्साह और भक्ति भाव व्याप्त है।

# ओडारसकरी के आम पेड़ों पर छाया मौर, किसानों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम ओडारसकरी में इन दिनों आम के पेड़ों पर मौर (फूल) खिलने से गांव में बेहद सुंदर नजारा देखने को मिल रहा है। सरपंच अनिल सोनी के तालाब में लगे आम के पेड़ पर भी भरपूर मौर आए हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। पीले-सुनहरे फूलों से लदे आम के पेड़ न केवल वातावरण को सुगंधित बना रहे हैं, बल्कि अच्छी फसल की उम्मीद भी जगा रहे हैं।

■ अच्छी पैदावार की उम्मीद से खिले चेहरे

ग्रामीणों का कहना है कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो इस वर्ष आम की पैदावार बेहतर होगी और किसानों को बाजार में अच्छा लाभ मिल सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार इस समय पेड़ों की उचित देखभाल, समय पर सिंचाई और कीट-रोग नियंत्रण आवश्यक है, ताकि बौर सुरक्षित रह सके और फल अच्छी मात्रा में लग सकें। ग्राम ओडारसकरी में आम के पेड़ों पर आए मौर ने गांव की सुंदरता बढ़ा दी है और किसानों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। अब सभी को अच्छी पैदावार और बेहतर बाजार भाव का इंतजार है।



## खबर संक्षेप



### मातृ-पितृ पूजन दिवस

**साल्हेवारा।** स्थानीय सेजेस में शनिवार को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। उपस्थित पालकों की आरती उतार कर बच्चों ने पूजा किया। कार्यक्रम में प्राचार्य विनीतदास, बहादुरसिंह खुशरो, गगन अग्रवाल, निजामसिंह मंडावी, हेमलता मंडावी, मन्नू मरकाम, मोहित रजक सहित अन्य शामिल हुए।

### माता-पिता को दिया उपहार



**अंबागढ़ चौकी।** पूर्व माध्यमिक शाला माहुद मचान्दुर में मातृ पितृ दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यार्थी ने माता-पिता की पूजा कर उपहार दिया। कार्यक्रम में लखन सार्वा, विजय रामटेके, नरेश साहू, किशोर, किरण, नवीन गायकवाड़, रीना मेश्राम, अंगद मानकर, प्रेणम वर्मा, सुनील कुमार, अशोक साहू आदि शामिल हुए। श्री सार्वा ने छात्रों को प्रतिदिन माता-पिता की पूजा करने एवं उनकी आज्ञा का पालन करने प्रेरित किया।

### विधायक ने किया भवन का भूमिपूजन



**छुरिया।** पांडेटोला में विधायक भोला राम साहू ने कुदाली चलाकर सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। विधायक साहू ने पूजा-अर्चना कर भवन निर्माण की शुरूवात की। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन में सुविधा होगी। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा के अध्यक्ष प्रताप धावड़े, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष छुरिया राजू सिन्हा, पूरण नेताम, रोशन साहू, कीर्तन साहू, सुभाष ठाकुर, संतोष धनवागी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### कबड्डी का समापन आज

**खड़गांव।** ग्राम दोरबा में 16 और 17 फरवरी को कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। पहले दिन अतिथियों ने कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। कल 17 फरवरी को फायनल मैच खेला जाएगा जिसमें दर्शकों को जबरदस्त मुकाबला देखने मिलेगा।

### सामाजिक पदाधिकारियों का चुनाव 19 को

**बांधाबाजार।** अं चौकी के कबीर भवन मे जिला स्तरीय कोसरिया, पनिका मानिकपुरी समाज के पदाधिकारियों का निर्वाचन 19 फरवरी को सुबह 11बजे से होगा। समाजिकजनों ने जिले के स्वजातियों से निर्वाचन में शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी जागृतदास मानिकपुरी ने दी।

### बच्चों ने की पूजा



**एलबी नगर।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया। अतिथियों एवं प्राचार्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने अपने माता-पिता की पूजा किया। इस मौके पर प्राचार्य सी यादव, आचार्य भगवानी पटेल, मुरली बंजारे, डेडियाराम साहू, संध्या मस्करी, ज्योति सोनी, यशोदा वर्मा, सोमेश्वरी साहू, मानसी साहू, नेहा मेश्राम, ज्योति साहू आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में खिलेश्वरी एवं शाह साहू का सहयोग प्राप्त हुआ।

## शिवालयों में सुबह से रात तक चला पूजा-अर्चना और अभिषेक का दौर

# शिव की भक्ति में डूबे रहे श्रद्धालु, चहुंओर उल्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़







मां बम्लेश्वरी की नगरी में ट्रस्ट समिति ने महाशिव रात्रि के मौके पर 3 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। शिवरात्रि के दिन प्रातः से प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना किया गया। यहां भक्तों के लिए निः शुल्क पूजा समाग्री, अभिषेक की व्यवस्था ट्रस्ट समिति ने की थी। मेला प्रांगण में स्वर सम्राट दिलीप षडंगी एवं उनके म्युजिकल ग्रुप ने शिव, देवी महिमा, जसगीत आदि की मनमोहक प्रस्तुती दी गई। जिसमे देर रात भक्तों ने भक्ति गीतों का आनंद उठाया। मां बम्लेश्वरी की पूजा के साथ ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष एवं ट्रस्टियों ने कार्यक्रम की शुरूवात की थी। अंतिम दिन गायिका शहनाज अख्तर की प्रस्तुति होगी।

**छुरिया।** आतरगांव में सर्व आदिवासी समाज एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों की गूंज और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा गांव भक्तिमय हो गया। इस दौरान रोहिदास कंवर, बुधरूराम कंवर एवं हेमकुमार कोल्हे, सरपंच खुशबु डामन साहू कार्यक्रम में शामिल हुए। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर गांव का भ्रमण करते हुए शिव मंदिर पहुंची। यहां विधि-विधान से शिव की पूजा-अर्चना की गई। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

महाशिवरात्रि के अवसर पर ग्राम पंचायत जोब में ग्रामवासियों के सहयोग से मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव थी। अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति बिरम मंडावी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव एवं प्रभु श्रीराम की पूजा तथा मंगलाचरण से हुई। मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को संस्कारवान बनाते हैं और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस हमें मर्यादा, कर्तव्य और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर रुपम कोर्राम, दुरपतबाई, मीनाबाई मंडावी, सुलोचनाबाई, चमेलीबाई साहू, निरतन बाई, प्रीतम नेताम, अर्जुन लाल, रोधन उईके, प्रताप मरकाम सहित अन्य उपस्थित थे।



### प्रसादी वितरण

**सड़क अतरिया।** महाशिवरात्रि के मौके पर नर्मदा स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर में महाभिषेक एवं पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने सामूहिक शिव आराधना किया। तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। सुमधुर रामायण पाठ किया गया। इस मौके पर प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव कामदेव जंघेल, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, अशोक जंघेल, कविता जंघेल, गोरेलाल जंघेल, श्रवण जंघेल, हुकुम जंघेल, प्रियंका जंघेल, लुकेश्वरी जंघेल, शारदा जंघेल, पुलेन्द्र, संतकुमार सहित अन्य शामिल हुए।

**खड़गांव।** महाशिवरात्रि पर्व 15 फरवरी को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस दौरान मंडई मेला का आयोजन किया गया। महाशिवरात्रि के मौके पर विधि-विधान से भगवान शंकर एवं माता पार्वती की पूजा किया गया।इस अवसर पर नाच पार्टी का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसे देखने के लिए आसपास क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे।

**गंडई पंडरिया।** गंडई से 6 किमी दूर ग्राम बरबसपुर के प्राचीन शिव मंदिर में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। रियासतकालीन इतिहास समेटे इस मंदिर में जय शिव शक्ति दुर्ग समिति ने पूजा-अर्चना एवं अभिषेक का आयोजन किया। युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो की विरासत का प्रतीक यह मंदिर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है। आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक नीरज शर्मा, अलिंद्र यादव, अध्यक्ष रॉकी कश्यप, उपाध्यक्ष बालुदेव निषाद सहित सदस्य मिथिलेश, नीलकंठ, सोनू, दिलेश्वर, गोकरण, धनेश्वर, डोगेन्द्र, पंकज, विरेन्द्र, समीर, सलील, तिलक यादव और बाकु खुशरो का योगदान रहा।

### मंदिर में नवनिर्मित डोम शेड लोकार्पित

**सड़क अतरिया।** महाशिवरात्रि के मौके पर विधायक यशोदा वर्मा ने चोरड़ाधाम पहुंच कर डोंगेश्वर महादेव का पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में दस लाख की लागत से बने डोम शेड का लोकार्पण किया। उन्होने कहा कि अब दर्शनार्थियों को गर्मी एवं बरसात में परेशानी का सामना करना नहीं पड़ेगा। उन्होंने लोगों की आस्था को ध्यान में रखकर विकास का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर साह खुशरो, नीलाम्बर वर्मा, मोतीलाल जंघेल, विजय वर्मा, चेतन देवांगन, दिलीप ओगरे, रामकुमार पटेल, मन्नू चंदेल, अशोक जंघेल, हेमंत वैष्णव, बलदाऊ जंघेल, आनंद पटेल, गणेश राम वर्मा, शिव पटेल, जितऊ राम पटेल सहित अन्य मौजूद थे।



# भाजपा के राज में सभी वर्ग परेशानः बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

■ जैतगुंडरा में सामाजिक भवन लोकार्पित

ग्राम जैतगुंड़रा में अखिल भारतीय भूमिपूजन आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज खोभा के श्री बूढ़ादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व एवं सामाजिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। श्री बघेल ने ही सीएम रहने के दौरान समाजिकजनों की मांग पर 50 लाख की स्वीकृति दी थी। निर्माण के बाद उन्होंने भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक भोलाराम साहू, दलेश्वर साहू, नवाज खान, पूर्व विधायक छन्नी साहू उपस्थित थी।



### आत्महत्या करने मजबूर किसान

इस मौके पर श्री बघेल ने कहा कि बड़ी समस्या किसान के साथ है। फसल पैदा होने के बाद किसान उसे बेच नहीं पा रहे हैं। खाद की समस्या भी किसान ने झेला है। परेशान किसान आत्महत्या करने मजबूर हैं। बिजली की हाफ बिल की योजना की समाप्त होने से अधिक बिल आ रहा है। मनरेगा जैसी योजना को बंद होने से श्रमिकों को काम नहीं मिल रहा है।

### आत्मीय स्वागत

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चिचोला पहुंचने पर कांग्रेस नेताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बाजे-गाजे, फूलमालाओं एवं आतिशबाजी के साथ अभिनंदन किया। इस अवसर पर भावेश सिन्हा, अमित अग्रवाल, सरपंच संगीता मंडलोई, फज्जू भाई, विनोद मंडलोई, राकेश धनकर, प्रेम नादेश्वर, श्यामलाल सिन्हा, खेदूराम पाल, मनेश पाल, नवीन पाल, हेमंत सिन्हा, मंगलू साहू, चंद्रिका वैष्णव, तुमेश साहू, घनश्याम साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# योग प्रशिक्षण शिविर का होगा आयोजन

■ बैठक में बनी विस्तृत कार्य योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी



बस स्टैंड के मंगल भवन में पतजंलि योग समिति से जुड़े पांचों संगठन के पदाधिकारी ,सदस्य एवं योग साधक बहनों एवं भाइयों की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार द्वारा संचालित पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास द्वारा 25 फरवरी से 21 मार्च तक आयोजित होने वाले सह -योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के आयोजन पर चर्चा किया गया। सदस्यों ने निर्धारित तारीख से तीनों विकासखंड में शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया। बैठक में जिला प्रभारी डॉ रंजन साहू, अशोक वर्मा, अशोक साहू, सोमदत्त साहू, रामेंद्र तिवारी, डीके राम, संपतलाल छेदैया, बल्दूराम यादव, ममता देवांगन, लोकनाथ, चंदा साहू, शैल तिवारी, ऐश्वर्या, राजलक्ष्मी कोर्राम, अनिता घीया, यशवंत साहू, आशीष कसार, संजीत नायक आदि उपस्थित थे।

# वन क्षेत्र में अवैध कटाई और खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



दक्षिण बोरतलाव वन क्षेत्र में अवैध कटाई, खनन और ईंट भटटे का संचालन हो रहा है। क्षेत्र के कर्मचारियों की सांठगांठ से विभागीय कार्य की आड़ में राशि का गबन किया जा रहा।

हाल ही में विद्युत मंडल ने किसानों के खेत में पंप कनेक्शन के लिए वृक्षों की कटाई किया गया। इस मामले में नोटिस जारी करने के बाद रफा दफा कर दिया है। दक्षिण बोरतलाव क्षेत्र से मिटटी, मुरूम और रेत की अवैध निकासी भी हो रही है। कुछ वन कर्मियों की गाड़ी खनिज के परिवहन में लगी हुई हैं। इसी प्रकार ईंट भटटों में जंगल के हरेभरे वृक्षो की कटाई कर खपाया जा रहा है। वहीं फर्नीचर व्यापारी नीलामी की लकडी खरीद कर तस्करों द्वारा लाई जा रही इमारती लकडी के फर्नीचर बना कर राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई में सप्लाई कर रहे है। तलाब गहरीकरण जैसे कामों को मजदुरों से कराने के बजाए जेसीबी मशीन से कराने का आरोप वन विभाग पर लगा है।

# बघेरा में नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस कॉलेज की बीएड प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम बघेरा में सामुदायिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय की सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक स्थिति को समझना तथा उनमें शिक्षा, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था।



प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा गांव के विभिन्न वार्डों में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान शिक्षा के महत्व, स्वच्छ भारत अभियान, स्वास्थ्य सुरक्षा, बालिका शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित नारे लगाए गए। जिससे ग्रामीणों में सकारात्मक संदेश पहुंचा।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि सामुदायिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों द्वारा ग्राम स्तर पर सर्वेक्षण कार्य भी किया गया। इस सर्वे के अंतर्गत परिवारों की शैक्षणिक स्थिति, छात्रों की विद्यालय उपस्थिति, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल सुविधा, स्वास्थ्य सेवाएं एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एकत्र की गई। बीएड विद्यार्थियों ने कक्षा में बच्चों को सरल, रोचक एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण विधियों से अध्ययन करना तथा उन्हें स्वच्छता, समय पालन, अनुशासन एवं नियमित अध्ययन के महत्व से अवगत कराया।

### आयोजन से ग्रामीणों को लाभ

विभागाध्यक्ष प्रीति इंदौरकर ने बताया कि भ्रमण के अंतर्गत ग्राम के विभिन्न वार्डों में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने, बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने, नशामुक्ति अपनाने तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने प्रेरित किया गया। आयोजन की अतिथि सरपंच ऐश्वर्या देशमुख एवं उप सरपंच ने कहा कि यह सामुदायिक भ्रमण बीएड विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी, अनुभववर्धक एवं शिक्षाप्रद सिद्ध हुआ। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम से विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक परिस्थितियों को समझने का अवसर मिला। जिससे उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व एवं कुशल शिक्षक बनने की भावना का विकास होगा। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रस्तुत किया। गीत-संगीत के साथ नुक्कड़ नाटक द्वारा ग्रामवासियों को जागरूक किया। सामुदायिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ-साथ विभाग के प्राध्यापकों की उपस्थिति रही।

## बालोद के हाजी जाहिद, आदिल, रहीम और अजहर को दिया गया शाल और मोमेंटो

# ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन की सालाना बैठक में हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद





नुरुस्सबाह हाल द सीड्स कारवेंट स्कूल शास्त्री बाजार रायपुर में ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन की सालाना बैठक प्रदेश संभाग और जिला स्तर की पदाधिकारीयों के उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इसमें पूरे छत्तीसगढ़, सारंगढ़, रायगढ़, बिलासपुर, चांपा, कवर्धा, राजनांदगांव, दुर्ग, बालोद, रायपुर, बस्तर संभाग, दंतेवाड़ा, बचेली, कांकेर, कुम्हारी कुरुद के तमाम पदाधिकारी बैठक में शामिल रहे। फाउंडेशन के साल भर के कामों की समीक्षा की गई और पूरे साल भर के फाउंडेशन के कामों को बेहतर ढंग से सफल बनाने के लिए पूरे प्रदेश की संभाग स्तर पर और जिला स्तर पर उन्हें ग्रेड के मुताबिक सम्मान दिया गया। पूरे प्रदेश में रायगढ़ का जलवा बरकरार रहा। टाप पोजीशन आने के बाद उन्हें सर्वश्रेष्ठ संभाग सर्वश्रेष्ठ जिला और सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम इज्तेमाई निकाह के लिए पहला इनाम दिया गया। सर्वश्रेष्ठ संभाग, सर्वश्रेष्ठ जिला और सर्वश्रेष्ठ संभाग अध्यक्ष में दुर्ग संभाग को दूसरा इनाम दिया गया। दुर्ग संभाग अध्यक्ष हाजी जाहिद अहमद, दुर्ग संभाग हमसिरा ग्रुप अध्यक्षा अर्शिया आलम बाजी को सर्वश्रेष्ठ संभाग अध्यक्ष के लिए दूसरा इनाम दिया गया। प्रदेश के बेस्ट खिदमतगार में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदिल हामिद सिद्दीकी, संभाग सचिव रहीम मोहम्मद, दुर्ग जिला अध्यक्ष सोहेल राईन, बालोद जिला अध्यक्ष अजहर कुरैशी, दुर्ग जिला सचिव यासिन खान को शाल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रदेश की नामचीन मुस्लिम हस्तियां शामिल रहीं, जिनमें प्रमुख रूप से हाईकोर्ट एडवोकेट संरक्षक फैसल रिज़वी, अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष मखमुर इक़बाल,वक्फ बोर्ड के पूर्व सदर सलाम रिज़वी, शहर सिरातुन्नबी कमेटी के सदर सोहेल सेठी सहित फाउंडेशन के मेंबर बड़ी तादात में मौजूद रहे। सारे मेहमानों ने खुले दिल से आयोजन और फाउंडेशन के कामों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में खिदमत ए ख़ल्क़ के लिए कोई तंजीम बिना किसी स्वार्थ और बेबाक तरीके से कोई काम कर रही है तो वह तंजीम सिर्फ और सिर्फ ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन ही है।

### दुर्ग संभाग अध्यक्ष ने पढ़ा शेर

पूरे कार्यक्रम में बिलासपुर संभाग अध्यक्ष अतहर हुसैन, बस्तर संभाग प्रभारी हाजी वसीम भाई छाए रहे। सबसे ज्यादा तालियों से हाल उस वक्त गूंज उठा, जब दुर्ग संभाग अध्यक्ष हाजी जाहिद अहमद ने ये शेर पढ़ा- जिंदगी दी है तो जीने का हुनर भी देना, पांव बख़्शे है तो तौफीके सफ़र भी देना। गुफ्तगू तुने सिखाईं कि मैं गूंगा था, अब मैं बोलूंगा तो मेरी बातों में असर भी देना। गौरतलब है कि हाजी जाहिद अहमद ने पहली बार ही माइक से फाउंडेशन में अपनी बात रखी सारे उपस्थित लोगों ने तालियों से उनकी हौसला अफजाई की।

### अर्शिया आलम ने बताई फाउंडेशन की विशेषता

दुर्ग संभाग हमसिरा ग्रुप की अध्यक्षा अर्शिया आलम ने सबसे पहले और प्रभावशाली अंदाज में फाउंडेशन के संदर्भ में अपनी बातें रखीं। पूरे कार्यक्रम का प्रभावशाली तरीके से संचालन हाजी जुबेर महमूद ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन और पूरी व्यवस्था रायपुर संभाग अध्यक्ष शाजी राशिद और उनके साथियों ने बखूबी निभाया।

### ऑनलाइन बौद्धिक संपदा अधिकार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज के रिसर्च सेल द्वारा राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन संस्थान नागपुर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से "बौद्धिक संपदा अधिकार एवं पेटेंट व डिजाइन फाइलिंग" विषय पर एक निःशुल्क ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह एक घंटे का ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान था। जिसमें स्नातक, स्नातकोत्तर उत्तीर्ण विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नवाचार, शोध एवं बौद्धिक संपदा संरक्षण के महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कुमार राजू सहायक नियंत्रक पेटेंट एवं डिजाइन आरजीएन आईआईपीएम नागपुर रहे। उन्होंने अपने 13 वर्षों से अधिक के सरकारी अनुभव के आधार पर पेटेंट, डिजाइन एवं उनकी फाइलिंग प्रक्रिया को सरल एवं व्यावहारिक रूप में समझाया।

## खबर संक्षेप



### सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन

**भिलाई।** अधोसंरचना मद के तहत वार्ड 31 के सुंदर नगर शारदा पारा तालाब के पास प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वार्ड की पार्षद प्रियंका भोला साहू की पहल पर हुआ। भूमि पूजन के साथ ही स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही सड़क की मांग पूरी होने की दिशा में कदम बढ़ा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि तालाब के आसपास की सड़क जर्जर स्थिति में थी, जिससे आवागमन में परेशानी होती थी। नए निर्माण से राहत मिलने की उम्मीद है। पार्षद प्रियंका भोला साहू ने कहा कि वार्ड में आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है और सड़क निर्माण के बाद अन्य विकास कार्य भी चरणबद्ध तरीके से किए जाएंगे। कार्यक्रम में नगर निगम भिलाई के जोन अध्यक्ष डॉ. जालंधर सिंह, भाजपा जिला भिलाई के उपाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह, प्रवक्ता विजय सिंह, मंडल अध्यक्ष तरुण सिंह, पूर्व अध्यक्ष अशोक गुप्ता, महामंत्री लतेल यादव, पार्षद प्रतिनिधि संतोषी पारा के एन धनराजू, पार्षद प्रतिनिधि भोला साहू और युवा मोर्चा अध्यक्ष नवीन सिंह सहित स्थानीय कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद थे।

### लोन दिलाने का झांसा, चेक दस्तावेज का किया दुरुपयोग

**भिलाई।** अलग-अलग बैंक का झांसा देकर लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि चरोदा निवासी अख्तरी बेगम वर्ष 2006 में मकान निर्माण के लिए पूर्व परिचित एल. महेश्वर राय को जानकारी दी थी। आरोप है कि एल. महेश्वर राय द्वारा पीड़िता के नाम, संपत्ति का दुरुपयोग कर 20 लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया। मासिक किस्त 2 हजार 220 महिला के वेतन से कटती रही। वर्ष 2021 में एसबीआई पदुमनगर चरोदा से 5.80 लाख रुपये, फरवरी 2025 में रेलवे अर्बन बैंक से 5.80 लाख रुपये का लोन महिला के नाम पर लिया गया। इस तरह किस्त 5400 रुपए और 22 हजार 450 रुपये प्रतिमाह कटता था। इस दौरान एल. महेश्वर राय के हादसे के बाद आरोपी पंचशील नगर चरोदा निवासी के. सांईवारा ने महिला के बैंक दस्तावेज, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, मोबाइल सिम अपने पास रख लिया।

## निधन

### निर्मला शुक्ला

**जामगांव आर।** सरल मृदुभाषी समाजसेवी निर्मला शुक्ला 72 वर्ष का निधन हो गया है।



जिनकी अंतिम संस्कार सोमवार को मुक्तिधाम में किया गया। वे क्षेत्र पुरोहित पंडित स्व नोहर प्रसाद शुक्ला की पुत्र वधू, जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बटरेल के पूर्व प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की धर्मपत्नी एवं ग्राम पंचायत जामगांव आर सरपंच रूपेंद्र शुक्ला की माता थी।

## आयोजन

**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

# महाशिवरात्रि पर कुसुमकसा मंडल में पांच हजार बेल के पौधों का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसुमकसा



भारतीय जनता पार्टी मंडल कुसुमकसा के अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा द्वारा महाशिवरात्रि पर्व को यादगार बनाने हेतु कुसुमकसा मंडल के ग्राम अडजाल, सुवरबोड़ एवं भर्रीटोला 43 में लगभग 5000 बेलपत्र के पौधों का वितरण कराया गया। इस पहल को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जोड़ते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

योगेंद्र सिन्हा ने कहा कि भगवान शिव को बेलपत्र अत्यंत प्रिय है। प्रत्येक शिवभक्त पूजा-अर्चना के समय बेलपत्र अर्पित करता है। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग अन्य स्थानों से पत्तियां तोड़कर पूजा करते हैं, लेकिन यदि प्रत्येक परिवार स्वयं बेल का पौधा लगाए तो पर्यावरण संरक्षण के साथ पूजा की परंपरा भी सुदृढ़ होगी।पौधों का वितरण ग्राम पंचायत सुवरबोड़ में सुबह 11 बजे जिला पंचायत सीईओ सुनील चंद्रवंशी एवं डीडी मांडले के हाथों किया गया। इसके बाद दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत भर्रीटोला 43 तथा दोपहर 1 बजे ग्राम पंचायत अडजाल में पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सुवरबोड़ की सरपंच ममता मंडावी, अडजाल की सरपंच गीता भंडारी, भर्रीटोला 43 की सरपंच राजकुमारी देहारी, भाजपा उपाध्यक्ष गोपाल साहू, भाजपा महामंत्री मितेंद्र वैष्णव, युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन साहू, मंडल उपाध्यक्ष मंजू चक्रधारी, भाजपा नेता प्रताप, ग्राम पंचायत सचिव किशुन पटेल, ग्राम पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। योगेंद्र सिन्हा ने कहा कि इस पहल से जहां पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक कदम बढ़ेगा, वहीं सनातन धर्मावलंबी भाई-बहन अपने द्वारा लगाए गए पौधे की पत्तियों से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर सकेंगे। कार्यक्रम को ग्रामीणों का व्यापक सहयोग प्राप्त हुआ।

## महाशिवरात्रि पर मां दुर्गा की प्रतिमा पर आकर बैठा उल्लू, दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब



**बालोद।** नगर के कपिलेश्वर मंदिर में शिवरात्रि के पावन अवसर पर अनोखा नजारा देखने को मिला। जहां शिवरात्रि के अवसर पर पूजा संपन्न होने के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा के पास उल्लू आकर बैठ गया। जिसे देखने पूजा अर्चना करने पहुंचे श्रद्धालुओ का ताता लग गया। जिसे हर कोई अपने कैमरे में कैद कर लेना चाह रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार 14वीं सदी के नागवंशी कालीन कपिलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव के बाजू स्थित मां दुर्गा के मंदिर में पूजा के दौरान एक उल्लू आकर प्रतिमा पर बैठ गया। श्रद्धालुओ ने बताया कि, महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। शाम को महाआरती के बाद जैसे ही मां दुर्गा की पूजा समाप्त होने लगी, उसी दौरान एक उल्लू आकर मां दुर्गा की प्रतिमा के सिर पर बैठ गया। घटना के बाद मंदिर परिसर का माहौल और अधिक भक्तिमय हो गया। कई श्रद्धालुओं ने इसे आस्था से जोड़कर देखा। मोबाइल में तस्वीरें और वीडियो भी बनाए। कुछ देर बाद उल्लू खुद ही उड़ गया, लेकिन तब तक बड़ी संख्या में लोग उसे देखने मंदिर पहुंच चुके थे।

### मंदिर में महाशिवरात्रि पर विशेष रुद्राभिषेक व महाआरती हुई



**बालोद।** जिले की प्रसिद्ध मंदिरो में से एक मां गंगा मईया मंदिर में शिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में स्थापित भगवान पशुपति नाथ का विशेष रुद्राभिषेक, शृंगार और महादेव की महाआरती का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचे। जहां महाशिवरात्रि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन भी मंदिर समिति द्वारा किया गया था।

## महाशिवरात्रि पर दो दिनी मानस गान प्रतियोगिता हुई



**गुण्डरदेही।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व में समीपस्थ ग्राम साजा में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत रात्रि में आंचलिक कवि सम्मेलन आयोजित की गई, जिसमें कुसुम साहू द्वारा सरस्वती वंदना एवं नशा से बचने की प्रेरणादाई गीत प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ गीतकार प्यारेलाल देशमुख ने भूत भावन भोलेनाथ की सवारी नंदी एवं उनके अंग आभूषण का वर्णन किया। दिनेश्वर चंद्राकर ने कन्या भुरण हत्या एवं बेटियों के सम्मान में काव्य पाठ किया। केशव राम साहू ने राजीव कुंभ में स्थित लोमस ऋषि जिन्होंने काग भूसुंडी को राम कथा सुनाया था, का चित्रण किया। योगेश छत्तीसगढ़िया ने छत्तीसगढ़ महतारी के ऊपर ममत्व एवं कारुणिक –दृश्य प्रस्तुत किया। उक्त आयोजन में भोजन भंडारा में सेवा देने वाली दीदियों का सम्मान किया गया। निर्णायक के रूप में अजय हरमुख, देवनारायण निषाद, उद्घोषक देवनारायण साहू थे। इस अवसर पर ग्रामीणजन शामिल होकर राम कथा का श्रवण कर श्रद्धा भक्ति के साथ उत्सव का आनंद लिया।

## आबादी भूमि पर काबिज हितग्राहियों की सूची का परीक्षण करेगी समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

निकाय की आबादी भूमि पर काबिज हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के बी.एल.सी. घटक में सम्मिलित करने आदेशित किया गया है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निम्नानुसार अधिकारियों का परीक्षण समिति गठित की गई है। जिसमें उपायुक्त आवास योजना शहरी प्रभारी अधिकारी को अध्यक्ष, प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी को सदस्य, संबंधित जोन आयुक्त को सदस्य, भवन अनुज्ञा अधिकारी को सदस्य एवं राजस्व अधिकारी को सचिव बनाया गया है।

समिति द्वारा समय-समय पर बैठक आहूत कर वार्डवार पात्र हितग्राहियों की सूची को अनुशंसा कर अंतिम रूप देगें तथा उक्त समिति के सभी सदस्य समय-समय पर शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना है । जिसके लिए जोनवार सर्वेक्षण दल गठित कर वर्तमान में सर्वेक्षण दल द्वारा वार्डवार आबादी भूमि में निवासरत आवेदको का सर्वे किया जा रहा है । भिलाई में आबादी भूमि में निवासरत पात्र हितग्राहियो से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा व्यक्ति इस योजना का लाभ अवश्य उठाए और पक्का मकान का सपना पूरा करे। अधिक जानकारी के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय मदर टेरेसा के दूरभाष नंबर पर संपर्क कर सकते है ।

## डौंडीलोहारा में संघ शताब्दी वर्ष पर विशाल युवा सम्मेलन आयोजित

### चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष 2025-26 के उपलक्ष्य में स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में भव्य एवं उत्साहपूर्ण विशाल युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, मातृशक्ति एवं युवाशक्ति की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, माधवराव गोलवलकर, केशव बलिराम हेडगेवार तथा स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मुख्य वक्ता माननीय अनिल श्रीवास्तव सहप्रांत सेवा प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि संघ की स्थापना वर्ष 1925 में डॉ. हेडगेवार द्वारा संगठित, अनुशासित एवं चरित्रवान समाज निर्माण के उद्देश्य से की गई थी। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण संघ का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि संघ की यात्रा सत्ता-प्राप्ति की नहीं, बल्कि समाज-समरसता, स्वावलंबन और सांस्कृतिक जागरण की सतत साधना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे व्यक्तिगत, सामाजिक और सेवा स्तर पर सक्रिय सहभागिता निभाते हुए राष्ट्र-निर्माण में योगदान दें। विशेष अतिथि अभय बाजपेयी ने कहा कि संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि विचार-साधना है। दैनिक शाखा के माध्यम से शारीरिक, बौद्धिक और नैतिक प्रशिक्षण देकर स्वयंसेवकों में नेतृत्व, अनुशासन और सेवा भाव विकसित किया जाता है। प्राकृतिक आपदाओं एवं सामाजिक संकटों के समय स्वयंसेवकों ने सेवा और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

अपने उद्बोधन में श्रीवास्तव ने शताब्दी वर्ष को उत्तरदायित्व का काल बताते हुए युवाओं को चार प्रमुख बिंदुओं चरित्र एवं नेतृत्व, सामाजिक समरसता एवं सेवा, आत्मनिर्भरता एवं नवाचार तथा सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रीय एकात्मता पर कार्य करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक युवा अपनी प्रतिभा और समय का एक अंश समाज को समर्पित करे, तो विकसित, समरस और आत्मविश्वासी भारत का निर्माण शीघ्र संभव है।

कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों दीपक यादव, महेश सपहा, चेमन साहू , रुपेश सिन्हा, उत्तम धनेन्द्र , मेनका चंद्राकर , चंचल राजपूत , पूषण भुँआर्य एवं अमीरदास किसाने को शाल, गमछा एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निर्वेद्र सिंह टेकाम ने की। संचालन आचार्य तोषण चुरेंद्र एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य डोमार सिंह साहू द्वारा किया गया। आयोजन की सफलता में विद्यालय अध्यक्ष राघवेन्द्र नाथ मिश्र, उपाध्यक्ष बेनीराम देवांगन, सचिव येणुकुमार दिल्लीवार, सहसचिव महेंद्र जायसवाल, कोषाध्यक्ष डोमेन्द्र देशमुख सहित समस्त सदस्यों, आचार्य-दीदियों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।उक्त जानकारी वरिष्ठ आचार्य तोषण चुरेंद्र ने दी।

## एम.एस. श्रीजीत बने भाजयुमो बालोद जिला मंत्री, कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

छात्र राजनीति से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने वाले युवा नेता एम.एस. श्रीजीत ने संगठनात्मक यात्रा में एक और महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है। नगर में युवा मोर्चा के महामंत्री के रूप में सक्रिय भूमिका निभाने के बाद अब उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा बालोद जिला इकाई में जिला मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। उनकी नियुक्ति से संगठन के कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल है।

### संगठनात्मक सक्रियता से बनी अलग पहचान

स्वच्छ राजनीति को देश निर्माण और विकास का मजबूत आधार मानने वाले श्रीजीत का स्पष्ट मत है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। छात्र राजनीति से प्रारंभ हुआ उनका सफर निरंतर सक्रियता, अनुशासन और संगठन के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ता गया, जिससे उन्होंने संगठन में अपनी एक विशिष्ट पहचान स्थापित की।



### विचारधारा और प्रेरणा स्रोत

श्रीजीत भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से प्रेरित हैं। वे अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी के जनसमर्पित नेतृत्व और कार्यशैली को अपना आदर्श मानते हैं। उन्हीं से प्रेरणा लेकर वे राजनीति को जनसेवा का सशक्त माध्यम मानते हुए आगे बढ़ रहे हैं। उनकी नियुक्ति को संगठन में युवाओं को नेतृत्व के अवसर देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

श्रीजीत ने इस जिम्मेदारी पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे। यह नियुक्ति न केवल संगठनात्मक दृष्टि से बल्कि जिले के युवा नेतृत्व के विकास के लिए भी एक प्रेरणादायक संदेश है।

**नीर चेतना अभियान के तहत ठेमाबुजुर्ग में जल संरक्षण का संदेश**

## तांदुला नदी में बोरी बंधान कार्य में कलेक्टर व अधिकारियों ने दिया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद





कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने आज डौण्डी विकासखण्ड के वनांचल के ग्राम ठेमाबुजुर्ग में तांदुला नदी पर नीर चेतना अभियान के अंतर्गत चल रहे बोरी बंधान के कार्य में अपना हाथ बटाया।

उल्लेखनीय है कि इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी एक साथ बस में सवार होकर ग्राम ठेमाबुजुर्ग स्थित तांदुला नदी में पहुँचे थे। इस दौरान सभी अधिकारियों ने ठेमाबुजुर्ग के तांदुला नदी में नीर चेतना अभियान के अंतर्गत चल रहे बोरी बंधान के कार्य में सहभागिता निभाई। कलेक्टर सहित सभी अधिकारी–कर्मचारियों ने जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ पैदल चलकर जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्य में जन भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश भी दिया। इस मौके पर कलेक्टर एवं अधिकारियों ने ग्राम ठेमाबुजुर्ग के दंतेश्वरी मंदिर में पहुँचकर माता दंतेश्वरी की पूजा–अर्चना भी की।

कलेक्टर एवं अधिकारियों ने माता दंतेश्वरी से बालोद जिले के लोगों की सुख, समृद्धि एवं चंहुमूखी विकास के लिए मंगल कामना की। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा एवं अधिकारियों ने मंदिर प्रांगण की साफ–सफाई कर स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने और स्वच्छता के लिए समय देने तथा हर वर्ष 100 घण्टे यानी हर सप्ताह 02 घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के अभियान में अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई।

**12वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई और किया सम्मान**

# नगर के शासकीय स्कूल में विदाई व सम्मान समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई तथा 10 वी और 12वीं में प्रवीण सूची में आने वाले छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तोमन साहू सभापति छत्तीसगढ़ रेड क्रॉस सोसाइटी व उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तथा अध्यक्ष जिला शिक्षा परिषद , विशिष्ट अतिथि के रूप में डौंडीलोहारा नगर उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लिलेंद्र सिन्हा द्वारा और सदस्य संदीप भंसाली, पार्षद सूर्य कला ठाकुर, वीर सिंह ठाकुर उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात वरिष्ठ व्याख्याता डी आर साहू द्वारा स्वागत भाषण कर सबका अभिनंदन किया गया। तोमन साहू जी का वरिष्ठ व्याख्याता प्रदीप मेश्राम , डी आर साहू, एनुका शार्वा द्वारा स्वागत किया गया। इसी क्रम में नगर उपाध्यक्ष महोदया का स्वागत संगीता वैदे ,पुष्पा कटेंद्र, छाया नंदा, हेमपुष्पा नाईक,तेजेश्वरी साहू द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि तोमन साहू द्वारा छात्र छात्राओं को संबोधित किया। नेहा उपाध्याय ने अपने संबोधन में स्वयं को कला की छात्रा बताया और बच्चों के साथ अपने विद्यालय जीवन के अनुभव साझा किया। इसी क्रम में लीलेंद्र सिन्हा द्वारा बच्चों के मनोभाव को बताया गया कि यह वह पल होता है। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए महाविद्यालय शिक्षा के लिए आगे बढ़ना पड़ता है। अतिथियों द्वारा गत वर्ष 12वी में प्रथम रोशनी, द्वितीय विजय निषाद और 10 वी में प्रथम यामिनी देवांगन,द्वितीय संजना को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया तथा लीलेंद्र सिन्हा द्वारा 2026 में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को एस एम डी सी द्वारा नगद राशि प्रदान करने की घोषणा की गई। तोमन साहू के समकक्ष विद्यालय की जर्जर भवन को पुनर्निमाण की मांग की गई जिसके जीर्णोधार की मांग को सहर्ष स्वीकार किया। इस अवसर पर 12वी के छात्र छात्राओं ने विदाई के बेला में अपने स्कूल से जुड़ी यादों को साझा किया जिसमें सुकृति, भावना, गणेश्वर, गीतांजलि, श्वेता, आयुषी, दिलेश्वरी आदि शामिल थे। जूनियर छात्रों वेनिका, गीतू ,डोमेश्वरी, गायत्री,आशीष, वेदिका, गोविता,द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए मनोरंजन खेलों का जैसे जलेबी दौड़, छात्रों को साड़ी पहनना, गुब्बारे फोड़ना जैसे खेल खिलाए गए और कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव में प्रदीप मेश्राम, डी आर साहू, आर एस देशमुख,एनुका शार्वा, डुप्ले साहू ,लवन साहू, आर एन योगी,हेमंत साहू, सौरभ शर्मा, अविनाश साहू,भूपेंद्र पटेल, सूर्योदय मानिकपुरी, कपिल पटेल,तेजेश्वरी साहू, हेमपुष्प नाईक, छाया नंदा, राकेश कोठारी, दामन देशमुख ने सभी बच्चों को शुभाशीष प्रदान कर, उज्जवल भविष्य की कामना की है। सभी अतिथियों को विद्यालय परिवार की तरफ से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तिलेश्वरी, मोहित, प्रेम, ईश्वरी, निधि और दिनेश्वरी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## सेल को लगातार तीसरी बार ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणन, निदेशक प्रभारी को प्रमाणपत्र हस्तांतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल को फरवरी 2026 से फरवरी 2027 की अवधि के लिए प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणन से सम्मानित किया गया है। संगठन में सुदृढ़ कार्य-संस्कृति, पारदर्शिता और कर्मचारियों के विश्वास की परिचायक यह उपलब्धि सेल को लगातार तीसरे वर्ष प्राप्त हुई है।

भिलाई इस्पात संयंत्र में यह प्रमाणपत्र निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र को कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार द्वारा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक एचआर-वर्क्स संजय द्विवेदी तथा उप महाप्रबंधक प्रताप शेखर नायक भी उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी बीएसपी चित्त रंजन महापात्र ने कहा कि यह मान्यता सेल की सभी इकाइयों में विश्वास, पारदर्शिता एवं कर्मचारी सहभागिता पर आधारित कार्य-संस्कृति के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करती है। यह प्रमाणन ग्रेट प्लेस टू वर्क संस्थान द्वारा कर्मचारियों से प्राप्त फीडबैक पर आधारित व्यापक मूल्यांकन के उपरांत प्रदान किया गया है। ट्रस्ट इंडेक्स सर्वेक्षण के माध्यम से किए गए इस आकलन में वर्ष 2026 में सेल का ट्रस्ट इंडेक्स स्कोर बढ़कर 83 हो गया, जो वर्ष 2025 में 77 तथा वर्ष 2024 में 73 था। यह वृद्धि नेतृत्व एवं कार्य-संस्कृति के प्रति कर्मचारियों के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। सर्वेक्षण में सेल के लगभग 3,100 कर्मचारियों ने भाग लिया, जिनमें से लगभग 900 कर्मचारी भिलाई इस्पात संयंत्र से थे।

## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार लेकर डराने वाले 4 गिरफ्त में

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर आने जाने वालों को डराने धमकाने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आम्रपाली वनांचल सिटी के पीछे हाउसिंग बोर्ड 32 एकड़ के पास कार में 3-4 युवक सवार थे। आने-जाने वाले लोगों को धारदार हथियार दिखाकर डरा रहे थे। जामुल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। आरोपियों में 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड निवासी दीपक नायकर, केम्प-2, छावनी समशेर आलम,जोन-1, खुर्सीपार शेख सानू,कैम्प 2पीयूष कुमार गुप्ता शामिल है। आरोपियों से पुलिस ने कार धारदार बटनदार हथियार पुलिस ने जब्त किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### कुगदा फाटक 12 दिनों तक रहेगा बंद

**भिलाई।** रेलवे द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत कुम्हारी से भिलाई 842/8-10 (कुम्हारी से भिलाई की ओर) स्थित मानव सहित समपार संख्या - 430 कुगदा फाटक में बेहतर सड़क आवागमन सुविधा के लिए रोड अंडरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। यह समपार फाटक 15. फरवरी से 26 फरवरी तक 12 दिनों तक सड़क पूर्णतः बंद रहेगा। समपार फाटक के निकट रायपुर की ओर लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर समपार फाटक क्र. 429 (परसदा गेट) स्थित है। दुर्ग की ओर लगभग 2.5 किलोमीटर की दूरी पर समपार फाटक क्र. 436 (उरला गेट) पर अंडरब्रिज निर्मित है। समपार फाटक संख्या 430 के आस-पास से आवगमन करने वाले लोगों को असुविधा नहीं होगी।

### महिला पर कटर से हमला, युवक फरार

**भिलाई।** घर से मंदिर पूजा करने जा रही महिला को एक युवक ने कटर से वार कर मौके से फरार हो गया।आसपास के लोगों की मदद से महिला को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। जहां महिला का उपचार जारी है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर खोजबीन किया जा रहा है। नेवई पुलिस ने बताया कि स्टेशन मरोदा निवासी चंद्रकल नामक महिला मंदिर जाने के लिए निकली थी। अचानक पहुंचे युवक ने अपने हाथ में रखे कटर से महिला पर ताबड़तोड़ वार कर फरार हो गया। महिला विवाहित है उसका ससुराल बैकुंठधाम में है। बताया जा रहा है कि महिला ने पहले कभी युवक को कुछ अपशब्द कहा था इसी को लेकर युवक आक्रोश में आ गया और महिला पर प्राणघातक हमला कर फरार हो गया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि महिला पर कटर से वार किया गया है। आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आरोपी का शिनाख्त लगभग हो गया है।

### जिले के फरार वारंटियों पर पुलिस की नकेल

**भिलाई।** लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी और लंबित वारंटों की तामीली के लिए पुलिस ने अभियान चलाया है। इस दौरान सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में लगातार कांबिंग गश्त और पतासाजी कर वारंटियों पर नकेल कसने का प्रयास कर रही है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि 13 फरवरी से अभियान शुरू किया गया जिसमें स्थायी (बेमियादी) और गिरफ्तारी वारंटों की तामीली के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया गया। पहले दिन पुलिस ने 32 स्थायी (बेमियादी) वारंट और 46 गिरफ्तारी वारंट तामील किए। 14 फरवरी को 97 स्थायी (बेमियादी) वारंट और 47 गिरफ्तारी वारंट तामील किया गया।

आयोजन : संस्कार, समरसता और पर्यावरण संरक्षण पर दिया गया विशेष जोर

# सरस्वती शिशु मंदिर में पंच परिवर्तन एवं सप्तशक्ति संगम पर मातृशक्तियों ने की विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



पंच परिवर्तन के पांच बिंदु पर्यावरण, स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य और सामाजिक समरसता और साथ में संप्तशक्ति सगम के सात बिंदु क्षमा कीर्ति बुद्धि लक्ष्मी वाणी स्मृति धैर्यशीलता पर मातृशक्ति की बीच व्यापक चर्चा का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। परिचर्चा मंच पर अतिथि नेहा चंद्राकर, डामिन सिन्हा, माहेश्वरी निषाद, कीर्ति साहू, लिलेश्वरी कुर्रे, रेखा धीवर मंचासिन रहे।

संस्कारित संतान पर्यावरण स्वच्छता के लिए चिंतन कर पाएगा। चंद्राक समाज प्रतिनिधि नेहा चंद्राकर ने कहा कि संतान को विरासत में संस्कार अवश्य दे,जब संतान संस्कारित होगा तभी वह माता पिता परिवार समाज देश और पर्यावरण स्वच्छता के बारे में चिंतन करने लायक बन पायेगा। होनहार नागरिक बन पायेगा।सरस्वती शिशु मंदिर इस दिशा में निःस्वार्थ भाव से मेहनत आपके लिए कर रही है आप अपने लिए तो इस ओर चार कदम बढ़ाए। समाजसेवी डामीन सिन्हा ने कहा कि परिवार के साथ भोजन और भजन साथ बैठकर पहले की तरह किया करे तब स्नेह प्यार आदर की गंगा प्रवाहित होने लगेगी। धनवान तो बन रहा है आदमी लेकिन सुख चौन छिना जा रहा है।यह एकल परिवार का नतीजा सबके सामने दिखने लगा है। संयुक्त कुटुंब परिवार आनंद का दरिया है जहां सुख दुख सब शेयर करते है।जीवन में आने वाली समस्याएं चुटकी में बिदा हो जाया करती थी घर की महिलाओं में दादी सास, सास, बड़ी सास,काकी सास, जेठानी देवरानी ननंद पुरुषों में दादा, पिता, भाई, देवर, जेठ नाना प्रकार के रिश्तों के घर परिवार कुटुंब महकते रहता था।

**माता पिता को विद्यालय के साथ मिलकर संस्कार प्रबल बनाना चाहिए:** समाजसेवी कीर्ति साहू ने कहा कि सामाजिक समरता का भाव को पुष्ट करके भाईचारा को अहम स्थान दिलाते हुए सामाजिक कुरीतियों से समाज को स्वच्छ सुंदर बनाने मार्ग प्रशस्त करते हुए जन चेतना का प्रभावी संचार करने में विद्यालय के साथ कदम ताल करते हुए माता पिता को सक्रिय भागीदारी निभाकर संस्कार को प्रबल बनाना चाहिए।

### संप्तशक्ति संगम को बलिष्ठ बनाने प्रथम गुरु मां को सजग होना होगा

तहसील साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ गुलाब साहू ने कहा कि नारी शक्ति सृष्टि की रचना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नारी तू नारायणी है इस भाव को जागृत करते हुए क्षमा कीर्ति बुद्धि लक्ष्मी वाणी स्मृति धैर्यशीलता के लिए सक्षम मातृशक्ति को प्रेरित करते हुए संस्कार पुष्ट करना चाहिए। सरस्वती शिशु मंदिर बार बार विविध आयोजन कर संस्कार का अलख जगाने का सतत प्रयास करती है नारी दो कुल को संवारती है संप्तशक्ति संगम की केंद्र महिलाओं की कार्यक्रमों गरिमामय उपस्थिति होनी चाहिए। कार्यक्रम में रीना चंद्राकर, दामिनी साहू, दीपक साहू, मीना साहू, नेहा चंद्राकर, कविता, सरिता साहू, सीमा, पदमा साहू, प्रभा साहू, खिलेश्वरी, थानेश्वरी, काजल, कीर्ति, रेणुका धर्मगुड़ी, पद्मनी श्रीवास्तव, पूर्णिमा, माहेश्वरी, तामेश्वरी ठाकरे, रेखा धीवर, प्रतिमा महिपाल, रिकेश्वरी महिपाल, लिलेश्वरी कुर्रे, डामिन सिन्हा, जनेश्वरी, विमला यादव, राधा बाई, गुलेश्वरी की गरिमामय उपस्थिति रही। संचालन समिति सदस्य गुलाब साहू एवं आभार प्राचार्य पीएल बारले ने किया।

### त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव हर्षोल्लास से मनाई गई





**डौण्डीलोहारा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र में 90 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सर्व प्रथम ब्राह्मण वत्सों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ब्रह्माकुमारी चन्द्रलता दीदी ने महाशिवरात्रि पर्व का महत्व बताया कि परम पिता परमात्मा शिव का धरती पर अवतरण हुए 90 वर्ष हो चुके हैं। परम पिता परमात्मा शिव कलियुग के अंत में जब चारों ओर अज्ञान अंधकार छाया रहता है,तब अवतरित होकर मनुष्य आत्माओं को ज्ञान दे रहे हैं कि तुम अपने आप को आत्मा समझकर मुझ परमात्मा को याद करो तो तुम पतित से पावन बनकर पावन दुनिया का मालिक बन जायेंगे। इस अवसर पर शिव ध्वजारोहण किया गया और संस्था के बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। उक्त जानकारी ब्रह्माकुमारी चन्द्रलता दीदी ने दी।

### पीएमश्री गुरूर के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण किया



**गुरूर।** पीएमश्री गुरूर का शैक्षणिक भ्रमण पीएम श्री योजना अंतर्गत राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत 12 एवं 14 फरवरी को लगभग 616 छात्र छात्राएं एवं लगभग 44 शिक्षक स्टाफ ने पुरखौती मुक्तागन आदिवासी संग्राहलय, स्टेडियम, एयर पोर्ट, जंगल सफारी का भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण में छात्र छात्रओ को आदिवासी संस्कृति, खानपान, रीति रिवाज को बारिकी से जानने का अवसर प्राप्त हुआ। यह जानकारी प्राचार्य बीपी यादव ने दी।



## ग्राम भोथली में वजन त्योहार मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम भोथली के आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्योहार मनाया गया। इस दौरान बच्चों और माताओं की वजन नापी गई।

वजन त्यौहार में मुख्य रूप से क्षेत्र की जनपद सदस्या दामिनी मुकेश साहू उपस्थित थी उन्होंने बच्चों का वजन मापन कार्यक्रम का निरीक्षण किया एवं बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों का नियमित वजन मापन कुपोषण से मुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने पालकों से बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और शासन की योजनाओं का लाभ लेने कहा। बताया गया कि 9 से 18 फरवरी तक शहरी एवं ग्रामीण आंगनबाड़ी केंद्रों में 'वजन त्यौहार' का आयोजन किया है। इसके तहत बच्चों के पोषण स्तर की जांच की जा रही है। कुपोषण कम करने के लिए संतुलित आहार, स्वच्छता और अतिरिक्त पोषण पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई।

उन्होंने बताया कि ग्राम भोथली में अभी आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर हो जाने के कारण केंद्र पुराने स्कूल भवन में संचालित हो रही है। चूंकि अभी नया आंगनबाड़ी भवन कंप्लीट नहीं हुआ है। इसकी जानकारी पूर्व में महिला एवं बाल विकास विभाग को दी जा चुकी है।

## ग्राम मुंडरा में सत्यसाईं रामलीला मंडली का पांच दिनी मंचन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



सत्यसाईं रामलीला मंडली ग्राम बेलौदी का पांच दिवसीय मंचन ग्राम मुंडरा में आदिवासी समाज के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में योग आयोग अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा उपस्थित हुए, जिन्होंने बच्चों में संस्कार, नैतिक मूल्यों की रक्षा एवं अनुशासित आचरण की प्रेरणा पाने हेतु ऐसे आयोजनों की आवश्यकता बताई। प्रांत कुटुंब प्रबोधन संयोजक हरिओम शर्मा ने कहा कि रामलीला से हमें प्रेरणा प्राप्त कर अपने जीवन को संस्कारित बनाने के लिए भाषा, वेशभूषा, खान–पान, रहन–सहन आदि को मर्यादित रखना चाहिए। साहित्यकार केशव राम साहू ने भगवान राम के वनवास काल में छत्तीसगढ़ में बिताए संबंध को कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। रामलीला के सूत्रधार लिखनलाल साहू ने बताया कि उनकी यह कला यात्र 1975 से शुरू हुई है जो आज तक अनवरत जारी है, मण्डली में कुल 25कलाकार है, क्वांर नवरात्रि से बरसात शुरू होने के पहले तक अनवरत यह कार्यक्रम करते हैं, छत्तीसगढ़ के अलावा उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल, झारखंड, महाराष्ट्र, उड़ीसा, मध्य प्रदेश में भी उन्होंने अपनी रामलीला दिखा चुके हैं। उन्होंने बताया कि रमणीक रामायण, राम रसूधा, दर्पण नाटक, रामचरितमानस आदि के प्रसंग से वह लीला दिखाते हैं, प्रतिदिन हनुमान चालीसा राम दरबार की आरती, झांकी के साथ ही संगीतमय संवाद के माध्यम से विभिन्न प्रसंगों पर अभिनय दिखाते हैं, जनमानस के मनोरंजन हेतु नट जोकर के माध्यम से मसखरी भी किया जाता हैं।

इस अवसर पर आदिवासी समाज के अध्यक्ष लखनलाल मंडावी, कुणाल सिंह कुर्रे, पवन यादव, परमानंद सोनवानी, निलेश मरकाम, नरसिंह मरकाम, जोहन ठाकुर, शत्रुघ्न ठाकुर, लाल जी मरकाम, शत्रुहन ठाकुर, भीखम पांडे, भगवती पांडे, जागेश्वर नुलहरे आदि की उपस्थिति रही।

■ संस्कार एवं नैतिक मूल्यों के संरक्षण का दिया संदेश

## पोती के जन्मदिन पर सरपंच ने कराया न्योता भोज



**बालोद/निकुम।** ग्राम पंचायत चिरचार के सरपंच कचरा बाई साहू द्वारा अपने पोती दक्षता साहू के जन्मदिन के अवसर पर ग्राम चिरचार के आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक शाला बम्हनी, चिरचार एवं माध्यमिक शाला चिरचार में नेवता भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। वही उप सरपंच चुकेश्वर साहू ने कहा स्कूली बच्चों के न्योता भोजन कराए वही प्राथमिक शाला चिरचार के बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद सदस्य टुकेश्वरी भोपेन्द्र साहू, सरपंच कचरा बाई साहू, उपसरपंच चुकेश्वर साहू, सचिव दुलेश्वरी साहू, भोपेन्द्र साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रीति साहू, प्रधान पाठक, चेतन लाल निषाद, हेमलाल साहू, संजय ठाकुर, संजय सेन, गौरी शंकर अमृत, कुलदीप पटेल, चिंतामणि देशमुख, टिकेश्वर साहू, टिकेश्वर गौतम, ताराचंद साहू, अमरसिंह पटेल, सेवा राम साहू सहित ग्राम पंचायत के समस्त पंचगण एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## तिलखैरी में विकसित भारत अभियान के तहत कार्यशाला हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





भाजपा मण्डल सनौद मे विकसीत भारत अभियान के तहत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीवका मिशन ग्रामीण अधिनियम पर कार्यशाला का कार्यक्रम ग्राम तिलखैरी मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे मुख्यवक्ता पूर्व विधायक गुण्डरदेही बीरेंद्र साहू थे। अध्यक्षता सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू ने किया।

मुख्य वक्ता वीरेंद्र कुमार साहू ने कहा शासन की योजनाओं को पूरा विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया और हमारे देश के प्रधानमंत्री को बहुत–बहुत धन्यवाद दिया जो योजना का नाम बदलकर भगवान का नाम रखा है और सभी हितग्राहियों को उपस्थिति के लिए बहुत–बहुत धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ हरिकृ ष्ण गंजीर ने कहा कम समय में आप इतनी बड़ी उपस्थित हुए इसलिए आपके सरपंच को और समस्त हितग्राही को बधाई के पात्र हैं और शासन का जो भी योजना है उसको ग्राम सभा में जाकर लाभ अवश्य उठाएं। इस अवसर पर मण्डल महामंत्री ललित गजेंद्र, ढंगू हिरवानी, कार्यक्रम संयोजक डॉ. हरिकृष्ण गंजीर, सह संयोजक झालेन्द्र साहू, सह संयोजक पूरन साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष गंगबेर, जनपद सदस्य आशीष साहू, मण्डल उपाध्यक्ष दुखिया साहू, मण्डल उपाध्यक्ष घिरपाल अठभैया, लखन लाल गुरुपंच, फलेश्वर साहू, धनेश साहू, जोहन साहू, उप सरपंच कंसराम साहू, ईश्वर साहू, सेवा राम, बोधराम साहू, उमेश साहू, भागोलिराम साहू, प्राधिकृत अध्यक्ष जीतेन्द्र सहाड़ा, आघन साहू, भूपेंद्र साहू, राधेलाल साहू, दानी राम, पीताम्बर, यशपाल यादव, शंकर लाल, पंच जागेश्वरी, कविता यादव, टामिन, भुनेश्वरी, झामीन, श्रत्रुघ्न साहू, हेमलाल सिन्हा, धनराज साहू समस्त कार्यकत्र्तागण व साथ मे ग्राम तिलखैरी, पिकरीपार समस्त राम हितग्राही बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम का संचालन महामंत्री ढंगू हिरवानी ने किया और आभार धनराज साहू ने किया।

■ गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन पर दी गई जानकारी

## पर्रेगुड़ा के पर्यटक स्थल भोलापठार में हुए विविध धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



ग्राम पर्रेगुड़ा स्थित पर्यटक स्थल भोलापठार में महाशिवरात्रि के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीणो ने बताया कि भोला पठार जो कि समतल भूमि से लगभग 500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, बेलो और लताओ घनघोर जंगल से अच्छादित वन प्रांतर में स्थित होने के कारण यह स्थान पर्यटको के आकर्षण का केंद्र है, त्रेतायुग में बाबा भोलेनाथ माता सती के साथ कुछ समय के लिये यहाँ रुककर ध्यान अवस्था में बैठ गये थे, इस प्रकार यह स्थान तपस्या साधना का भी केंद्र बिंदु है। महाशिवरात्रि के अवसर पर नवदंपत्ति द्वारा रात से लेकर दोपहर 12 बजे तक ओम नमः शिवाय का मंत्र जाप किया गया, नवदंपत्ति का जोड़ा संख्या 25 था, जो अपने संतान प्राप्ति के लिये किया गया एवं शिक्षित बेरोजगार, रोगीयों की संख्या 30 था जो अपने नौकरी पाने और रोगो से मुक्ति के लिये अपने मनोकामना पूर्ण करने के लिये मंत्र जाप किया गया, इस प्रकार जीवन की सभी मनोकामना की पूर्ति बाबा भोलेनाथ करते है, जिसका प्रमाण भक्तजन देते है। 16 फ़रवरी दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे पूर्णाहुति हवन महाआरती एवं महाप्रसादी संपन्न हुआ।

इस अवसर पर समिति के सचिव पुरुषोत्तम निषाद, सहसचिव भुवन लाल उइके, कोषाध्यक्ष महेंद्र तारम, सुखचंद नागवंशी, घुरदास नागवंशी, कृष्णा मण्डावी, रामसाय पोरते, दिलीप कौशिक एवं समस्त ग्रामवासी पर्रेगुड़ा का पूर्ण सहयोग रहा, यह जानकारी भोला पठार समिति मिडिया प्रभारी सूरज कौशिक ने दी।

■ महाशिवरात्रि में भक्ति का उल्लास, सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद

# महाशिवरात्रि पर शिवलिंग की नवीन प्रतिमा स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 16 फरवरी सोमवार को थाना अंडा जिला दुर्ग स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में नए शिवलिंग की विधि-विधान के साथ स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ।

थाना अंडा प्रभारी पारस ठाकुर व आयोजन थाना अंडा के तत्वावधान में किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 11:00 बजे भागवता चार्य महेंद्र पाण्डेय के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, जल अभिषेक, फला अभिषेक के बीच शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्राभिषेक पूजा की गई। पूजा-अर्चना में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। इसके पश्चात दोपहर 2:00 बजे श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण किया गया। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस कार्यक्रम में आलबरस के आर. के. ईंट भट्टा के संचालक रोशन लाल देशमुख, कुथरेल फटाका गुदाम संचालक जैन सर, गोलू चन्द्राकर सहित थाना अंडा स्टाफ गण व क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थे। आयोजकों ने बताया कि भगवान शिव की कृपा से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे, यही सभी की कामना है। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की सक्रिय सहभागिता रही।

### धानापुरी में महाशिवरात्रि पर विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन




**गुरूर।** गोंडवाना सेवा समिति ग्राम धानापुरी द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत धानापुरी खोमन लाल सिन्हा थे। अध्यक्षता सुंदर लाल नागवंशी ने की। विशिष्ट अतिथि ग्रामीण अध्यक्ष लेखराम सिन्हा, ग्रामीण कोशाध्यक्ष महेश नागवंशी, ग्रामीण सचिव एवं अध्यक्ष सिन्हा समाज बिसम्भर सिन्हा, ग्रामीण पटेल शिवप्रसाद पटेल, बीरसिंग यादव, समारू राम साहू, रेवत मंडावी, नोहरू राम कोर्राम, उत्तम नेताम, सिया राम कुलदीप, कोमलदेव, प्रभा कोर्राम, कोशाध्यक्ष किसन सलाम, सचिव उमा कोवाची, तहसील उपाध्यक्ष जागे"वरी सोरी उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मरसा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
7 दिन
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन से- 1 मई से 7 मई 2026
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी यात्रा
माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि: स्लीपर-9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-22,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411